न्यायालय अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर

मु0नं0 26/2018 तारीख रजू 06.07.19 किस्म–प्रार्थना पत्र 14(4)

उनवानी सरकार बनाम जगरूप वगै0

तारीख हुक्म	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
17-7-19	पत्रावली वास्ते आदेश प्रस्तुत हुयी । वकील उभय पक्ष उपस्थित। तहसीलदार सवाई माधोपुर द्वारा अप्रार्थीगण जगरूप, हंसराज पुत्रान मांगीलाल जाति गुर्जर निवासी जटवाडाकलॉ के विरूद्व प्रार्थना पत्र 14 (4) इस आशय का पेश किया है कि ग्राम जटवाडा कलॉ के आराजी खसरा नम्बर 675/2976 रकबा 0.04 का आवंटन दिनांक 01.06.02 को आवंटन सलाहकार समिति द्वारा अप्रार्थीगण को कृषि प्रयोजनार्थ भूमि का आवंटन किया गया। तहसीलदार सवाई माधोपुर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र 14 (4) एवं सलंग्न दस्तावेजात एवं आवंटन पत्रावली का अवलोकन करने पर पाया गया है कि तहसीलदार सवाई माधोपुर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अप्रार्थीगण को खसरा नम्बर 675/2976 का आवंटन होना अंकित किया गया है किन्तु आवंटन पत्रावली में खसरा नम्बर 256 का आवंटन होना पाया गया। तहसीलदार सवाई माधोपुर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं आवंटन पत्रावली में अंकित खसरा नम्बरान में भिन्नता पायी गयी। अतः प्रकरण तहसीलदार सवाई माधोपुर को लोटाया जाकर लेख है कि प्रकरण की जॉच कर सही खसरा नम्बरान का अंकन कर पुनः प्रार्थना पत्र 14 (4) प्रस्तुत किया जावे। प्रकरण नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर